THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GULAM NABI AZAD): (a) and (b) The International Airports Authority of India have suffered losses on, their construction projects taken up in Libya from 1976 to 1986, details of which are given below:—

Name of Project	Cost	Total Loss suffered upto March, 1991
	(Rupees in crores)	
1. New Ghat.	92.16	4.42
2. Brak Phase—I	35.34	2.33
3. Brak Phase—II	65.74	14.62

The reasons for the losses are inordinate delay on the part of the client in acceptance of works and making payments, that too, partly in the forms of crude oil instead of hard currency, interest burden consequent on client not releasing the payments in US dollars as per the contract conditions and imposition of income-tax on assumed profit instead of actual losses incurred by the International Airports Authority of India.

देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये मास्टर प्लान

***112. श्री महेश्वर सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) क्या सरकार को विभिन्न राज्यों से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कतिपय योजनायें या मास्टर प्लान प्राप्त हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन राज्यों के नाम क्या हैं ;

(ग) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई मास्टर प्लान/योजना भेजी है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, हां ।

(ख) पर्यटक सुविधाओं में वृद्धि करने से संबंधित परियोजनायें/स्कीमें सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त होती हैं । पर्यटन के विकास के लिए मास्टर प्लान महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश राज्यों से प्राप्त हो गई हैं ।

(ग) जी, हां ।

(घ) प्रस्तुत की गई मास्टर प्लान में शामिल हैं--पर्यटक गंतव्य-स्थलों का विकास, आवास, मार्गस्थ सुख-सुविधाओं मनोरंजन की सुविधाओं, रोमांचकारी पर्यटन, तीर्थ पर्यटन, मानव संसाधन विकास, पैकेज यात्राओं, प्रचार और राज्य में केन्द्रीकृत आरक्षण प्रणाली की योजनायें। मास्टर प्लान के कार्यान्वयन की जिम्मेवारी राज्य सरकार की है । तथापि, केन्द्र सरकार राज्य सरकार से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर वित्तीय सहायता देगी ।